हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 6 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री


2




स्थानीय संस्कृतियों पर कारपोरेट के दबाव से समाज के संबंध बिगड़ रहे


## खबर संक्षेप

### बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत फसल पंजीयन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ वर्ष में कृषकों के प्रक्षेत्र पर उत्पादन कार्यक्रम के तहत फसल पंजीयन किया जाना है। बीज उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन 10 जून से 24 जून तक जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित की जाएगी। उप प्रबंधक/बीज प्रबंधक छ.ग.राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, बीज प्रकिया केन्द्र खोखसा श्रीमती नम्रता तिवारी ने बताया कि बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन कार्य जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड बम्हनीडीह में 10 जून को, अकलतरा विकासखंड में 11 जून को, पामगढ़ विकासखंड में 12 जून को, बलौदा विकासखंड में 15 व 16 जून को, नवागढ़ विकासखंड में 17 व 18 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजन कर पंजीयन कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार सक्ती जिले अंतर्गत विकासखंड सक्ती में 19 जून को, डभरा विकासखंड में 22 जून को जैजैपुर विकासखंड में 23 जून को एवं विकासखंड मालखरौदा में 24 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजन कर पंजीयन कार्य किया जाएगा।

### हाईस्कूल से कल निकलेगी सायकल रैली

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विश्व सायकल दिवस के अवसर पर 7 जून को प्रातः 6.30 बजे से जिले में सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। सायकल रैली हाई स्कूल मैदान जांजगीर से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, नेताजी चौक, लिंक रोड एवं बीटीआई अटल चौक होते हुए पुनः हाई स्कूल मैदान जांजगीर में समाप्त होगी। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी ने सभी को शामिल होने की अपील की है।

### 35 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 35 पाव देशी शराब को जब्त किया है। मामला सिटी कोतवाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली जांजगीर प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में मुखबीर सूचना पर बाजार पारा से अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 35 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 28 सौ जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट की कारवाई किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय, नीतीश विश्वकर्मा, हजारी लाल मेरसा का योगदान रहा।

### वितरण में अनियमितता, 1372 बोरी उर्वरक जब्त

# खाद के लिए मची मारामारी, निजी दुकानों में की जा रही कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में खेती किसानी का दौर प्रारंभ होते ही खाद की मारामारी शुरू हो रही है। स्थिति यह है कि निजी दुकानों में खाद की कालाबाजारी शुरू हो गई है। जिसे देखते हुए कृषि विभाग की टीम द्वारा दुकानों का निरीक्षण करते हुए अनियमितता पाए जाने पर लायसेंस निरस्त करने के साथ खाद की जब्ती बनाई जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दो निजी दुकानों से 1372 बोरी खाद जब्त किया गया है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में किसान धान की बंपर पैदावार करते है। जून महीने से ही जिले में खरीफ फसल के लिए किसान खेतों की सफाई के साथ खाद बीज के इंतजाम में जुट गए है। सेवा सहकारी समितियों में करीब 80 फीसदी खाद का भंडारण भी किया जा चुका है। इधर खेती किसानी का दौर शुरू होते ही खाद के लिए मारामारी शुरू हो गई है। शासन द्वारा सीमित मात्रा में खाद दिए जाने की बात से ही किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं कई निजी दुकान संचालक नियमों को ताक में रखकर खाद की कालाबाजारी शुरू कर दिए है। किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर 266 रुपए का यूरिया 8 सौ से अधिक दामों में बेच रहे है। जिसे देखते हुए विभाग के टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार 5 जून को जिले के खाद दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान खाद वितरण में अनियमितता पाए जाने पर दो निजी उर्वरक दुकानों से 13 सौ 72 बोरी खाद जब्त किया गया है। विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पोड़ी में संचालित मेसर्स सुरेश कुमार अग्रवाल की दुकान से 1 हजार बोरी सिंगल सुपर फास्फेट, 272 बोरी एन.पी.के. और ग्राम तुस्मा के मेसर्स पटेल खाद भण्डार में 100 बोरी यूरिया जब्त की गई। विक्रेताओं द्वारा क्रय बिल प्रस्तुत नही किये जाने, स्टाक रजिस्टर संधारित न करने एवं पोस मशीन में दर्शित मात्रा का गोदाम में भण्डारित मात्रा से मिलान न होने पर कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई की है।



खाद दुकान में छापेमारी कर जब्ती की कार्रवाई करते अधिकारी।

### डीडीए ने 850 रुपए में यूरिया बेचते संचालक को पकड़ा

निजी दुकान संचालकों द्वारा खाद की मनमाने दाम में बिक्री की जा रही है। यूरिया की कीमत 266 रुपए है, लेकिन इसे 8 सौ रुपए से 9 सौ रुपए तक बेचा जा रहा है। उप संचालक कृषि ऐसे ही शिकायत पर एक दुकानदार को रंगे हाथ पकड़ चुके है। एक किसान ने जांजगीर स्थित नानकचंद नंदकिशोर कृषि केन्द्र में यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत की थी। इस पर उप संचालक कृषि राकेश शर्मा 2 जून को उस किसान के साथ खुद किसान बनकर यूरिया लेने पहुंचे थे। किसान बनकर पहुंचे उप संचालक शर्मा ने दुकानदार से यूरिया की बोरी खरीदने की बात कही। इसके लिए दुकानदार की मांग के अनुसार किसान का ऋण पुस्तिका और आधार कार्ड दिखाया फिर 850 रुपए की दर पर एक बोरी यूरिया की खरीदी की। इसके बाद दुकान को सील कर दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### दो दुकान के लाइसेंस निरस्त

**सक्ती।** जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने निजी उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर विकासखंड डभरा के मेसर्स कोमल प्रसाद जायसवाल, साराडीह तथा विकासखंड मालखरौदा के मेसर्स योगेश कुमार अग्रवाल, फगुरम के खाद लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है। दोनों दुकानों में बिना वैध फार्म-ओ के खाद का व्यवसाय किया जा रहा था। साथ ही किसानों को प्रपत्र-एम फार्म में कैश क्रेडिट जारी नहीं किया जा रहा था तथा स्टॉक पंजी का संधारण एवं मासिक प्रगति प्रतिवेदन की जानकारी प्रस्तुत नहीं की जा रही थी। शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री, कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अन्य अनियमितता पाए जाने पर जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय निगरानी दल द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिले के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा अब तक 132 विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान 7 विक्रय केंद्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाकर प्राधिकार पत्र निलंबन की कार्रवाई की गई है। वहीं 5 अवैध भंडारण मामलों को जब्त कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है तथा 61 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# धान का पैसा लेकर घर लौट रहा किसान उठाईगिरी का शिकार

### स्कूटी की डिक्की से उड़ाए 3 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में उठाईगिरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। धान बिक्री की रकम निकालकर बैंक से लौट रहा किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। किसान के स्कूटी की डिक्की में रखा 3 लाख 15 हजार रुपये लेकर बदमाश फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तरौद निवासी चिराग अग्रवाल 4 जून की शाम धान बिक्री की राशि लेने अकलतरा स्थित कमला नारायण राइस मिल पहुंचा। मिल से भुगतान के रूप में प्राप्त 3 लाख 15 हजार 746 रुपये अपनी जुपिटर स्कूटी की डिक्की में रख दिए। बताया जा रहा है कि स्कूटी की डिक्की का लॉक खराब था, जिसके कारण वह पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो पाई। राशि लेकर लौटते समय चिराग अग्रवाल पहले शास्त्री चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर में दवा लेने रूका। इसके बाद चालक शिवा साहू के साथ श्रेया डेली नीड्स पहुंचकर घरेलू सामान की खरीदारी की। इस दौरान स्कूटी विभिन्न स्थानों पर खड़ी रही और इसी बीच किसी शातिर ने मौका पाकर डिक्की में रखी पूरी रकम गायब कर दी। रात करीब 9:30 बजे घर पहुंचने के बाद जब स्कूटी की डिक्की खोली तो उसमें रखी नकदी नहीं मिली। बड़ी रकम गायब होने का पता चलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी रुपये नहीं मिलने पर पीड़ित ने देर रात अकलतरा थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने पीड़ित की गतिविधियों पर पहले से नजर रखी थी और उचित अवसर मिलते ही वारदात को अंजाम दिया। इस उठाईगिरी की घटना के बाद नगर के व्यापारिक वर्ग में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

## झपटमार करने वाले पांच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** झपटमार करने वाले पांच आरोपियों को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से झपटमारी के 5 मोबाइल, घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल, नकद 1900 रुपये बरामद किया गया है।

हरदी बाजार थाना क्षेत्र के मोहरियामुड़ा निवासी विरेंद्र कुमार से 28 मई की रात पहरिया के पास झपटमारी कर बैग में रखे 3 मोबाइल और 40 हजार रुपये नकद लेकर बदमाश फरार हो गए। जांच के बाद पुलिस ने औराईखुर्द निवासी बलवेदव सूर्या, करमंदी निवासी पंकज यादव, कचौरा निवासी लखन कंवर, राकेश यादव एवं नवापारा निवासी दुर्गेश सिंह को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

## सुशासन तिहार में आपस में भिड़े भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता



शिविर के दौरान एक दूसरे पर आरोप लगाते भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

जनता की समस्या को सुनने के लिए सुशासन तिहार शिविर लगाया जा रहा है। डभरा ब्लाक के धुरकोट में आयोजित शिविर में जनता की समस्या को छोड़कर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस ही भिड़ गए। दोनों पक्ष की ओर से काफी देर तक जमकर बहस हुई।

पूरे प्रदेश में जनता की समस्या को सुनने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरकोट में शुक्रवार 5 जून को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्या को छोड़कर आपस में ही भिड़ गए। दरअसल ग्राम पंचायत खरकेना के पूर्व सरपंच अपने पति सहित गांव में व्याप्त पानी की समस्या को लेकर कर नापते हुए सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे और अपनी समस्या सुनाने लगे। समर्थन में एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष खुशवंत सिंह चंद्रा भी उतर गए। खुशवंत चंद्रा ने शासन प्रशासन द्वारा समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया। इससे मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। देखते ही देखते दोनों ओर से वाद विवाद शुरू हो गया। कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे पर जिंदाबाद, मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। यह ड्रामा लगभग एक घंटे तक चला इस दौरान अधिकारी कर्मचारी असहाय नजर आए।

### पारिवारक विवाद में फायरिंग दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले के कर्रापाली गांव में पारिवारिक विवाद में फायरिंग कर दी गई। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से रिवाल्वर और देशी कट्टा बरामद किया है। सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बालपुर निवासी अजय सिंह गोड़ अपने चाचा ससुर महंगु गोड़ के बुलावे पर 4 जून को रिश्तेदारों के साथ ग्राम कर्रापाली गया था। वहां उसकी रिश्तेदार तीजबाई को उसके पति दिलेश्वर सिदार द्वारा आए दिन मारपीट एवं प्रताड़ति किए जाने की जानकारी मिलने पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिलेश्वर सिदार को समझाने पहुंचे थे। समझाइश के दौरान दिलेश्वर सिदार नाराज होकर घर से चला गया। बाद में शाम लगभग 5.30 बजे अजय एवं उसके साथ मौजूद बुंदीबाई, महंगु गोड़ एवं रमेश गोड़ वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम कर्रापाली के बाहर तालाब के पास दिलेश्वर सिदार एवं उसका साथी सोमदेव सिदार ने जान से मारने की धमकी देते हुए गोली चला दी। सभी लोगों ने झुककर अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने आरोपी दिलेश्वर सिदार एवं सोमदेव सिदार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।






### खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई से मचा हडकंप

# रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन, दर्जनों वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण मामले में दर्जनों वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई है। इस कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मच गया है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 5 जून को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोकथाम हेतु राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए जिले के केवा (नवापारा), हाथनेवरा क्षेत्र का औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 11 वाहनों जिसमें वाहन 5 हाईवा रेत और 6 ट्रैक्टर रेत को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में से 9 को पुलिस लाइन खोखरा एवं 2 ट्रैक्टर को पुलिस थाना नवागढ़ में सुरक्षार्थ रखा गया है। उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया जिसमें नवापारा रेत खदान पहुंच मार्ग को जेसीबी मशीन से काट कर पहुंच मार्ग बाधित किया गया। उन्होंने बताया कि दर्ज प्रकरण पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि रेत के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण मामले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



जब्त वाहन के साथ पुलिस टीम।

**खबर संक्षेप**

### नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 8 को

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में अप्रेंटिसशिप योजनांतर्गत 8 जून को प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाना है। अप्रेंटिसशिप मेला में आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 8 जून को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी के अप्रेंटिसशिप योजना में नियोजन की कार्यवाही करेंगे।

### आईटीआई करतला एवं पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला एवं पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून है। इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर विवरणिका का भली-भांती अवलोकन कर पात्रतानुसार आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था से संपर्क किया जा सकता है।

### जनसेवा का जुनून, पार्षद बने प्यासे लोगों की उम्मीद



**कोरबा।** भीषण गर्मी और पेयजल संकट के दौर में जहां अधिकांश लोग दोपहर की चिलचिलाती धूप से बचने के लिए घरों ओर बंद कमरों का सहारा ले रहे वही निगम के वार्ड क्रमांक 40 के 28 वर्षीय युवा भाजपा समर्थित पार्षद रजत प्रसाद खूंटे जनसेवा का अलग ही उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वार्ड में उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए युवा पार्षद स्वयं क्षेत्र में सक्रिय रहकर टैंकरों के माध्यम से जरूरतमंद मोहल्ले तक पानी पहुंचने की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच में लगातार वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा तत्काल समाधान का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का मानना है कि जनप्रतिनिधि यदि सेवा को राजनीति का माध्यम नहीं बल्कि अपना लक्ष्य और दायित्व मान ले तो जनता और राजनीति के बीच विश्वास का नया अध्याय लिखा जा सकता है। वार्ड 40 में दिखाई दे रही यह सक्रियता इसी सोच को मजबूती प्रदान कर रही है एवं विकास की कार्यों को पंख लगा रही है। भीषणगर्मी के इस कठिन दौर में युवा पार्षद की कार्यशैली यह संदेश दे रही है कि जन प्रतिनिधित्व केवल पद नहीं बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी रहने की जिम्मेदारी है। यदि राजनीति में सेवा का यह जुनून व्यापक रूप से विकसित हो जाए तो विकास की गति को नए पंख मिल सकते हैं और जनता का भरोसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।

### सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह का आयोजन

**कोरबा।** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभाविता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से आरम्भ किया गया है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जा रहा है इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू किया गया है।

# स्थानीय संस्कृतियों पर कारपोरेट के दबाव से समाज के संबंध बिगड़ रहे

**साहित्य, कला और समाज पर जलेस की संगोष्ठी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनवादी लेखक संघ (जलेस), छत्तीसगढ़ द्वारा 'साहित्य, कला और समाज' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन कुसमुंडा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर पांडेय ने की। इस अवसर पर जलेस के महासचिव पीसी रथ रायपुर, उपाध्यक्ष द्वय डॉ. सुखनंदन सिंह धुर्वे रायपुर, भास्कर चौधरी एवं स्थानीय वरिष्ठ कवि-कथाकार विशेश्वर मिश्र तथा कवि सूरजप्रकाश राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

अध्यक्षीय संबोधन में कामेश्वर पांडेय ने कहा कि साहित्य और कला का समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव अनिवार्य है। समाज से कटकर केवल पठन-पाठन अथवा श्रवण के आधार पर सार्थक साहित्य का सृजन संभव नहीं है। इसके लिए समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के बीच जाकर उनकी समस्याओं, संघर्षों और चुनौतियों को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के अवमूल्यन के इस दौर में लेखक और कलाकारों की भूमिका केवल रचना-कर्म तक सीमित नहीं रह सकती। उन्हें समाज को विभाजित करने वाले विचारों और आख्यानों की पहचान कर जनसमुदाय को उनके प्रति सजग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वसत्तावादी प्रवृत्तियां न केवल नागरिक अधिकारों को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के अवसरों को भी सीमित कर रही हैं। नीट, सीयूईटी, सीबीएसई सहित विभिन्न प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में सामने आई। इन अनियमितताओं ने देश भर के युवाओं के विश्वास को आघात पहुँचाया है। आंदोलनों और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील संवाद के स्थान पर दमनात्मक प्रवृत्तियों का बढ़ना चिंताजनक है। ऐसे समय में लेखक और कलाकार समाज को रचनात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम का संचालन करते हुए पीसी रथ ने लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण, जल-जंगल-जमीन तथा स्थानीय संस्कृतियों पर बढ़ते कॉरपोरेट दबाव के मुद्दों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना किसी भी देश का समग्र विकास संभव नहीं है। डॉ. नंदन ने सामाजिक विघटन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके कारणों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

## 65 दुकानों में मशीनों के खराब होने के सामने आए मामले

# पीडीएस दुकानों की थंब मशीन खराब होने से हितग्राहियों को राशन लेने करना पड़ता है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पीडीएस दुकानों में सबसे बड़ी समस्या इस समय थंब मशीन के काम नहीं करने और वेट मशीन के खराब होने के बड़े मामले सामने आ रहे हैं। वेट मशीन सुधारने के लिए दुकान संचालक प्रतिदिन विभाग में पहुंच रहे हैं। वहीं थंब मशीन के लिए उन्हें कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- इलेक्ट्रानिक वेट मशीन सुधारने लोग पहुंच रहे कलेक्ट्रेट

जिले के ग्रामीण अंचल में चल रही है पीडीएस दुकानों के थंब मशीन को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें हितग्राहियों के अंगूठे का निशान नहीं उभरने के कारण खाद्यान्न से उन्हें वंचित होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि थंब मशीन की तकनीकी खराबी के कारण विभाग ने भी इस संबंध में कंपनी के तकनीकी कर्मचारी को भेजने के लिए पत्र प्रेषित किया है। 65 दुकानों में थंब मशीनों को लेकर लिखित शिकायतें पहुंची हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रानिक वेटिंग मशीन में भी सवाल खड़े होने के कारण तकनीकी सुधार के लिए पीडीएस दुकान संचालक कलेक्ट्रेट का खाद्य विभाग लाना पड़ रहा है। तब कहीं जाकर सुधारी जा रही है। इस मामले में हितग्राहियों ने खाद्य विभाग से शिकायत की थी उन्हें खाद्यान्न निर्धारित मात्रा में कम मिल रहा है।



फाइल फोटो

**जूझ रहे हैं सर्वर डाउन की समस्या से**

सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण अंचल के पीडीएस दुकान संचालकों को सर्वर डाउन होने की रहती है। यही कारण है कि कभी कभार दुकान खुली तो रहती है लेकिन सर्वर डाउन रहने की वजह से वितरण कार्य भी प्रभावित रहता है। इसके पीछे भी विभाग का कहना है कि सर्वर का डाउन रहना तकनीकी समस्या है। यह समस्या अक्सर उन क्षेत्रों में आ रही है जहां नेटवर्किंग की दिक्कत हमेशा बनी रहती है।

**ग्रामीण दुकान संचालक पहुंच रहे जिला मुख्यालय**

सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकान संचालकों के सामने आ रही है। जिन्हें इलेक्ट्रिानिक मशीन सुधार के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता है। उस मशीन को लेकर यह बात सामने आई है कि जितने की मशीन नहीं है उससे ज्यादा किराया लग जा रहा है। इसके साथ ही दुकान संचालकों को मशीन सुधारने के लिए इंतजार भी करना पड़ रहा है।

**सुधार कार्य किया जा रहा है**

इलेक्ट्रानिक वेटिंग मशीन के बिगड़ने एवं थंब मशीन के काम नहीं करने के मामले सामने आने के बाद दोनों मशीनों के सुधार कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण अंचल में सर्वर डाउन रहने की समस्या बनी हुई है।

**-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# हरदीबाजार कालेज चौक से बोईदा 20 किमी सड़क का होगा जीर्णोद्धार



सर्वे करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम हरदीबाजार के पुराना कालेज चौक से नेवसा, रेलडबरी उतरदा, लोटनापारा, सिल्ली होकर बोईदा चौक तक जिसकी कुल लंबाई 20 किमी है का जीर्णोद्धार, सड़क निर्माण का कार्य का पीडब्ल्यूडी विभाग ने सर्वे कार्य आरंभ कर दिया है। इस सड़क में आवागमन का भारी दबाव के साथ-साथ सड़क की कम चौड़ाई और जगह-जगह सड़कों पर हुए गड्ढे, इन सब समस्याओं से रोजाना लोगों को सुरक्षित आवागमन करना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से होकर यात्री बसें सीपत बिलासपुर के लिए हर एक-एक घंटे मे चलती है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से इस संबंध जानकारी ली गई तो उन्होंने बजट में सड़क उन्नयन जुड़ा होना बताया है, उन्होंने कहा कि छग की विष्णु देव साय की भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क,पुल पुलिया निर्माण कार्य शुरू है,कुछ स्थानों पर कार्य अंतिम चरण में है तो कुछ काम शुरू होने वाले हैं। वहीं सड़क किनारे बस्ती पड़ने पर सड़क के दोनों ओर कांक्रीट किया जाएगा, साथ ही वाहनों के आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में सड़क उन्नयन किया जाऐगा। निश्चित ही क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ उतरदा में महाविद्यालय भवन बनने के बाद उसमें अध्यनरत छात्रों व कर्मचारियों को भी आने जाने में सुविधा होगी।

# प्रबंधन की वादाखिलाफी के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का फूटा गुस्सा



प्रदर्शनकारी बिजली कर्मचारी।

**खास बातें**

- पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर 1 जून से चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद
- 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंधन द्वारा लगातार की जा रही वादाखिलाफी और द्विपक्षीय वार्ताओं में बनी सहमतियों को लागू न करने के विरोध में प्रदेश के बिजली कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित अन्य 7 सूत्रीय ज्वलंत मांगों को लेकर स्थगित आंदोलन को पुनः प्रारंभ करने का ऐलान कर दिया गया है। महासंघ द्वारा इस संबंध में 4 जून को कंपनी प्रबंधन (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक) को आंदोलन का विधिवत नोटिस सौंप दिया गया है।

महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि राज्य सरकार की तर्ज पर बिजली कंपनी में भी 1 अप्रैल 2004 के पश्चात नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने हेतु शासन ने 6 अक्टूबर 2023 को ही सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। प्रबंधन के साथ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर 2025 को हुई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता में भी इसे शीघ्र लागू करने का ठोस आश्वासन दिया गया था, जिसके आधार पर संघ ने पूर्व में प्रस्तावित आंदोलन स्थगित किया था। परंतु अत्यंत खेद का विषय है कि प्रबंधन आज पर्यंत तक इस गंभीर विषय पर केवल टालमटोल की नीति अपना रहा है, जिससे प्रदेश के हजारों बिजली कर्मियों में भयंकर रोष व्याप्त है। प्रमुख मांगों में 1 अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों के लिए ओ.पी.एस. लागू की जाए। वर्ष 2017 से लंबित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों का रिस्ट्रक्चरिंग कर रिक्त पड़े 75 प्रतिशत पदों पर तत्काल नियमित भर्ती की जाए, सीधी भर्ती एवं भू-विस्थापित के तहत कार्यरत सभी संविदा लाइन कर्मचारियों को पूर्व की भांति नियमित किया जाए, मैदानी तकनीकी कर्मचारियों को 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता और कार्यालयीन कर्मचारियों को 3 प्रतिशत कंप्यूटर प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जाए, 1 जनवरी 2026 से देय वेतन पुनरीक्षण हेतु कमेटी का गठन हो तथा लागू होने तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत मिले, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की वरिष्ठता सूची जारी कर लंबित पदोन्नति आदेश (विशेषकर वर्ष 2013 से लंबित तकनीशियन वितरण एवं परीक्षण सहायक-1/2) तत्काल जारी किए जाएं, बाह्यस्रोत/ठेका कर्मियों का भुगतान सीधे कंपनी द्वारा हो, 62 वर्ष की जॉब सिक्योरिटी मिले और नई भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने की मांग शामिल है।

# कुत्तों के हमले से चीतल की मौत, पुरैना में हुई घटना



चीतल का परीक्षण करते पशु चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वारानी के जंगल में बड़ी संख्या में चीतल हैं। गर्मी के कारण पानी की तलाश में वे रिहायशी इलाके में आ जाते हैं। गुरुवार को भी एक चीतल गांव की ओर आ गया था। जिस पर कुत्तों की नजर पड़ गई। कुत्तों ने चीतल पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आसपास के ग्रामीणों की मदद से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाती इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों को जब इसकी सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर उसका अंतिम संस्कार कर दिये।

कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरैना में गुरुवार की सुबह लगभग 6.00 बजे तीन-चार आवारा कुत्तों के दल ने एक चीतल पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। विभाग द्वारा तुरंत उपचार हेतु सहायक पशु चिकित्सालय बरपाली ले जाया गया, ईलाज के दौरान चीतल की मृत्यु हो गई। सहायक पशु चिकित्सक अधिकारी बरपाली द्वारा विधिवत पोस्ट मार्टम किया गया।

**मौतों में आई भारी कमी**

वन विभाग के रिकार्ड के अनुसार, इस वर्ष करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत वन्यजीव दुर्घटना की यह पहली दुखद घटना है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में कराए गए वन्यप्राणियों के पानी पीने के लिये सॉसर पिट के निर्माण के बाद से वन्यजीवों की सुरक्षा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इससे पहले तक क्षेत्र में हर साल लगभग 5 से 6 चीतलों की आवारा कुत्तों के काटने से असमय मौत हो जाती थी, लेकिन इस निर्माण कार्य के बाद से अब तक एक भी मौत दर्ज नहीं की गई थी। वन विभाग ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत विभाग को दें।

**ईश्तहार**

क्रेता -ईश्वर सिंह पिता रामेश्वर सिंह साकिन बुड़ेना उम्र 55 वर्ष तह. नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. ।
विक्रेता- अश्वनी सिंह पिता कुमुदेश्वर सिंह उम्र 62 वर्ष निवासी सेमरा तह. नवागढ जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.
1. यह कि ख.नं. 3652/22 रकबा 0.016 है. को जो ग्राम जांजगीर प.ह.नं. 5 रा.नि.मं. व तह. जांजगीर में स्थित है। को क्रेता ईश्वर सिंह को बेचने का प्रस्ताव किया गया जिस पर क्रेता विक्रेता सहमत हो गए है। इस भूमि के बारे में विक्रेता का कथन है कि भूमि किसी प्रकार से गिरवी बंधक नहीं है। भारमुक्त है। समय आने पर वह रजिस्ट्री कराने के लिए तैयार है।
2. उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार से कोई आपत्ति दावा यदि हो तो वह 15 दिनों के भीतर दावा आपत्ति कर सकता है। बाद में की जाने वाली दावा आपति अमान्य मानी जायेगी।
अतः सूचना जाने ।
दिनांक-4-6-2026
प्रार्थी
अश्वनी सिंह
जांजगीर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
-:राजस्व नोटिस/ईश्तहार प्रकाशनः-
अ.प्र.क्र. 202605060300123 /
अ-6 / 2025-26
क्रमांक 2688 / अ.वि.अ./ रीडर - 1 / 2026
जांजगीर दिनांक- 03.06.2026
पक्षकार रामनारायण राठौर बनाम संतोष कुमार राठौर वगैरह ग्राम-सिवनी, तहसील-जांजगीर
प्रति, 1. संतोष कुमार राठौर उम्र 46 वर्ष पिता स्व. छेदीलाल राठौर जाति राठौर, साकिन सिवनी, तहसील - जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
अपीलार्थी रामनारायण राठौर पिता स्व. छेदीलाल राठौर, निवासी ग्राम - सिवनी, तहसील - जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-सिवनी के नामांतरण क्रमांक RD202526540219000005 आदेश दिनांक 19.02.2026 के विरूद्ध प्रथम अपील प्रस्तुत किया गया है।
उक्त मामले की सुनवाई के लिए आपका नोटिस जारी किया गया किन्तु तामिल नहीं होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थिति हेतु नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपस्थित होना है तो इस मामले की सुनवाई दिनांक 23.06.2026 को जांजगीर में प्रातः 11:00 बजे से होगी। अतः आप अपना पक्ष पेश करने स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/जवाब पेश कर सकते है ।
समयावधि बाद प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 29.05. 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर

# महापौर ने जोन में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने जोन कार्यालय में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंटकर उनके ऋण प्रकरणों व जमा किये गये आवेदनों पर चर्चा की। उन्होने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा आज के शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें।

**खास बात**

- हितग्राहियों की सुविधा के लिए शुरु की गई पहल

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटलनगर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न तिथियों में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजनांतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ने तथा पथ विक्रेताओं के लिये सूक्ष्म ऋण पहुंच, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने आदि से जुडे.विविध कार्य किये जा रहे हैं।

### खाई में मिली युवक की लाश हत्या फिर हादसा

**कोरबा।** एक 17 साल का युवक चार दिनों पूर्व मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से निकला था। जिसकी खोज की जा रही थी। इस बीच उसकी लाश टाइगर पॉइंट पर खाई में युवक की लाश और उसकी मोटरसाइकिल मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि युवक की मौत हादसा है या फिर कुछ और। जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुभाष ब्लॉक निवासी नवनीत सिंह पिता कामेन्द्र सिंह 17 वर्ष 1 जून को अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था।

**जाँजगीर मार्केट**

**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

**प्रवेश प्रारंभ**
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
सांई मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**नवागढ़।** अशासकीय विद्यालय संघ नवागढ़ के द्वारा छात्र लक्ष्य केशरवानी कक्षा- दसवीं में 89.6 प्रतिशत और खिलेश कश्यप कक्षा- 12वीं में 92.02 प्रतिशत प्राप्त करने पर उन्हें मोमेंटो, प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़, अधिवक्ता आनंद पांडे, डॉक्टर कमलेश पांडे, अशासकीय विद्यालय संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला शतरंज टीम चयन प्रतियोगिता कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला शतरंज संघ द्वारा आगामी राज्य चयन शतरंज प्रतियोगिता के लिए जिला टीम चयन प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 7 जून को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, चांपा में प्रातः 9 बजे से होगा। प्रतियोगिता अंडर-11 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। अंडर-11 वर्ग से 2 बालक एवं 2 बालिकाओं तथा अंडर-19 वर्ग से 4 बालक एवं 4 बालिकाओं का चयन आगामी राज्य चयन शतरंज चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों के लिए आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता के राउंड की संख्या प्रतिभागियों की कुल संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार अंडर-11 वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 400 रुपये तथा अंडर-19 वर्ग के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। विलंब शुल्क के साथ 6 जून सायं 5 बजे तक प्रविष्टियां स्वीकार की जाएंगी। जिला शतरंज संघ ने जानकारी दी है कि इस प्रतियोगिता से चयनित सभी खिलाड़ियों का राज्य चयन शतरंज चैंपियनशिप में प्रवेश शुल्क जिला शतरंज संघ जांजगीर-चांपा द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं बेहतर अवसर प्रदान किए जा सकें।

### नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए फाइनल सिलेक्शन ट्रायल 7 को

**जांजगीर-चांपा।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा 5वीं सीनियर नेशनल फास्ट 5 नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम को चुनने हेतु फाइनल सिलेक्शन ट्रायल 7 जून को सुबह 8 बजे जांजगीर के हाई स्कूल मैदान पर रखा गया है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि इस फाइनल सिलेक्शन ट्रायल में खिलाड़ियों की यो-यो टेस्ट, 1500 मीटर की दौड़, 100 मीटर स्प्रिंट एवं गेम की दक्षता को देखी जाएगी। यह पूरा सिलेक्शन ट्रायल एनएफआई आब्जर्वर के निगरानी में होगा एवं फाइनल सिलेक्शन ट्रायल के पश्चात छत्तीसगढ़ की 10 पुरुष एवं 10 महिला खिलाड़ी चुने जाएंगे चीनी खिलाड़ी 25 से 28 जून तक पांडिचेरी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी । इस सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए अपना एनएफआई की आईडी नंबर अनिवार्य है तभी वह इस सिलेक्शन प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

### नगर पालिका अकलतरा से सेवानिवृत हुए शिवकुमार



**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद अकलतरा में 38 वर्षों के सेवाकाल पूरा कर शिवकुमार साहू नगरपलिका से सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर 1 जून को परिषद में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने कहा कि शिवकुमार साहू ने लिपिक के रूप में सेवाकाल में परिषद के अनेक विभागों में कार्य किया। उनका कार्यकाल प्रशंसनीय रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा ने कहा कि शिव कुमार साहू अपने मिलनसारिता के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनका कार्यकाल बहुत ही प्रशंसनीय रहा। सीएमओ संजय सिंह ने कहा कि शिवकुमार साहू ने ईमानदारी पूर्वक और निष्ठा से सौंपे गए कार्यों को पूरा किया है। संस्था के प्रति वे पूर्णतः समर्पित रहे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सीएमओ द्वारा शिवकुमार साहू का श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह, रोहित सारथी, पार्षद मुरलीधर मिश्रा, सुरेश मिर्चन्य, पिंटू बरेठ, कमलेश वैष्णव और स्टाफ के कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन शिविर का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 23 भाटापारा जांजगीर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु विशेष आधार शिविर का आयोजन शनिवार 6 जून को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में नगरवासी अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार का कार्य करवा सकते हैं। शिविर में छोटे बच्चों का निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह हुआ पौधरोपण, पौधों को सुरक्षित रखने दिलाई गई शपथ

# पर्यावरण को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार 5 जून को जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा इंदिरा उद्यान विश्राम गृह अकलतरा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सौरभ सिंह खनिज विकास निगम अध्यक्ष, रामदेव कुमावत जिला संगठन प्रभारी, अम्बेश जांगड़े जिलाध्यक्ष, कमला देवी पाटले, चुन्नीलाल साहू, प्रशांत शर्मा अकलतरा विधानसभा प्रभारी, संतोष लहरे, प्रशांत सिंह, अमर सुलतानिया,नंद चौधरी, नंदनी रजवाड़े ने परिसर में पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कहा कि प्रकृति और प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखना ही सतत विकास का आधार है। आज के आधुनिक युग में जहां विकास आवश्यक है, वहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखना भी हमारी परम जिम्मेदारी है। धरती और प्रकृति का संरक्षण करके ही हम एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की नींव रख सकते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जिले वासियों से भी अपील की कि वे इस पर्यावरण दिवस पर न केवल एक पौधा लगाएं, बल्कि उसके बड़े होने तक उसकी पूरी देखभाल करने का संकल्प भी लें। इस अवसर पर जिला भाजपा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला भाजपा पदाधिकारी रवि पांडेय प्रदेश किसान मोर्चा, पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, समीर शुक्ला,धनंजय सिंह,लक्ष्मी देवांगन, प्रदीप शरफ,राम खूबवानी, रमेश मोदी, पुष्पेंद्र सिंह, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा, गौरव तिवारी, दिनेश दास, आकाश सिंह, राजेश्वर पाटले इत्यादि अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### किरारी हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के रोपे गए पौधे

**किरारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किरारी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एवं आदिवासी विकास परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश चंद्र श्याम ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। विद्यालय की प्राचार्य अंजूला सोनी ने कहा कि पर्यावरण के हित एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षक दीपक भानु, अनुभव तिवारी, विकास मसीह, पाठक सर, नन्दलाल चौहान सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में वृक्ष बनकर पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीएम कार्यालय परिसर में हुआ पौधरोपण



**अकलतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर में जामुन के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया।इस अवसर पर एसडीएम सुमीत बघेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण संतुलन बना रहता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया।पौधरोपण कार्यक्रम में तहसीलदार अविनाश चौहान, अधिवक्ता नूतन थवाईत, संतोष दास, देवमणि चक्रधारी तथा विधायक प्रतिनिधि महेश्वर टंडन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा हरित क्षेत्र बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। उपस्थितजनों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर बल दिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

छत्तीसगढ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के द्रारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर बिजली ऑफिस के पास हनुमान मंदिर परिसर मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव ने कहा एक पेड़ लगाकर हम न केवल धरती को हरा-भरा बना सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं। पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं-हरियाली बढ़ाएं, जीवन मुस्कुराएं। जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ। स्वच्छ, पर्यावरण स्वस्थ जीवन। धरती माता की करो रक्षा, यही है मां सच्ची शिक्षा। प्लास्टिक मुक्त अपना जीवन। कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव, उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, सह सचिव नितिन सोनी, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती पूष्पेन्दी कसेरा, उपाध्यक्ष नेहा राठौर, दुर्गेश राठौर, आदि लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण में सीड बॉल का बहुत बड़ा महत्व : कोसमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

- **किसान स्कूल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, सीड बॉल अभियान का हुआ शांखनाद**

वृक्षारोपण और हरित आवरण बढ़ाने के लिए सीड बॉल एक सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय बनकर सामने आया है। केवल पौधे लगाने तक सिमित न रहें, बल्कि सीड बॉल निर्माण और वितरण के माध्यम से अधिक से अधिक हरित क्षेत्र विकसित करने का प्रयास करना चाहिए।

उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित सीड बॉल वितरण अभियान का शुभारम्भ करते हुये चांपा तहसील के एसडीएम पवन कोसमा ने ब्यक्त किया। इस अवसर पर तहसीलदार प्रशांत पटेल ने कहा कि सन 1973 से पर्यावरण दिवस मनाई जा रही है, लेकिन आज बहेराडीह गांव में स्थित देश का पहला किसान स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस को सीड बॉल अभियान से जोड़कर अनोखा तरीका से मनाया गया। बलौदा जनपद के संचार, संकर्म के सभापति चूड़ामणि राठौर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सिवनी संकुल के शैक्षीक समन्वयक व शिक्षक अशोक तिवारी ने अब तक 100 से से अधिक पौधा लगाने का अपना अनुभव ब्यक्त किया।



पर्यावरण संरक्षण का शपथ दिलाते एसडीएम पवन कोसमा एवं अन्य अतिथिगण।

**सीड बॉल लेकर किसान स्कूल पहुंचे प्रकृति प्रेमी लोग**-किसान स्कूल के अभियान में सिवनी के रुखमणि पाण्डेय, शर्मीला गोस्वामी, धुरकोट की धनबाई राजन, आरसेटी में प्रशिक्षण लें रहीं जिले के बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखियों तथा समूह की महिलाओ ने बड़े पैमाने पर सीड बॉल लेकर पहुंची। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, रामाधार देवांगन ने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में पहली बार सीड बॉल वितरण लोगों को किसान स्कूल में किया गया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को शपथ दिलाया गया। आरसेटी के अरुण पाण्डेय ने बताया कि सीड बॉल मिट्टी, गोबर या कम्पोस्ट और बिजों को मिलाकर बनाई गईं छोटी गोल गेंद होती है। इन गेंदों को बंजर भूमि,, पहाड़ी क्षेत्रो, जंगलो के किनारे या खाली स्थानों पर फेंका जा सकता है। वर्षा होने पर बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप लें लेता है। इस मौके पर गुलाब चंद यादव, प्रीतम दास महंत, अविनाश मांझी, रीता धीवर, रितिका सिंह, ममता देवांगन और खिलाड़ियों ने मिलकर किसान स्कूल को ब्रम्ह कमल का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर रामबाई यादव, लक्ष्मीन यादव, भगवती यादव, ललिता यादव, पुष्पा यादव, साधना यादव, अंजू साहू, बीना यादव, धनबाई राजन, रुखमणि पाण्डेय, शर्मीला गोस्वामी उपस्थित थे।

## नगर को मिली 108 एम्बुलेंस की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर पंचायत शिवरीनारायण को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरीनारायण में 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन के समक्ष रखी गई थी। इस मांग पर जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया, जिसके परिणामस्वरूप शिवरीनारायण को नई 108 एम्बुलेंस उपलब्ध हुई है। नगर पंचायत कार्यालय के सामने आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, उपाध्यक्ष, पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में नई 108 एम्बुलेंस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राहुल थवाईत ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया। अध्यक्ष राहुल थवाईत ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से 108 एम्बुलेंस की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नई एम्बुलेंस मिलने से गंभीर मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सहायता मिलेगी तथा स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह सुविधा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। नगरवासियों ने भी नई 108 एम्बुलेंस उपलब्ध होने पर कहा कि इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।



एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य अतिथि।

## पत्नी ने किया पति से विश्वासघात,पति की संपत्ति हड़पने रची साजिश, भाई को देती थी चुपके से राशि, सीसीटीवी से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

व्यवसायी पति पूरी कमाई पत्नी के हाथ में इसी आशा और विश्वास के साथ दे देता था, ताकि वह उसे सुरक्षित रखे, लेकिन इस विश्वास को पत्नी कायम नही रख सकी और पति की संपत्ति हड़पने ऐसी साजिश रची की पति की लाखों कमाई के बाद आर्थिक स्थिति मजबूत होने के बजाए कमजोर होती जा रही थी।

पत्नी की साजिश का खुलासा तब हुआ जब पति को शक हुआ और उसने सीसीटीवी से निगरानी शुरु कर दिया। सीसीटीवी से ही खुलासा हुआ कि पत्नी अपने भाई को घर में रखी राशि निकाल कर देती थी। इस खुलासे के बाद पति ने अपने पत्नी समेत साले और अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत की। घरघोड़ा क्षेत्र में एक व्यवसायी की मेहनत की कमाई और संपत्तियों को कथित रूप से हड़पने की साजिश के मामले में पुलिस ने जांच के बाद व्यवसायी की पत्नी और उसके भाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। मामला आर्थिक अनियमितता, धोखाधड़ी और संपत्ति पर कब्जे की कथित साजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा निवासी व्यवसायी पिंगल कुमार बघेल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि विवाह के बाद वर्षों तक वह अपने व्यवसाय से होने वाली आय पत्नी को सुरक्षित रखने के लिए देता रहा। समय के साथ उसे संदेह हुआ कि घर में रखी रकम और वास्तविक आय में बड़ा अंतर है। इसके बाद उसने अपने स्तर पर निगरानी शुरू की। इस बीच उसे पता चला कि उसकी पत्नी बिना उसकी जानकारी के घर से नकदी निकालकर अपने भाई को देती रही।

### आम लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने 24 घंटे तैनात रहेगा पुलिस बल

## करही में खुला पुलिस सहायता केन्द्र, अपराध नियंत्रण में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बिर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करही में बढ़ते अपराध को देखते हुए पुलिस सहायता केन्द्र खोला गया है। इसका शुभारंभ शुक्रवार 5 जून को एसपी विजय कुमार पाण्डेय एवं सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने किया। करही में पुलिस सहायता केन्द्र खुलने के बाद अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस सहायता केंद्र में जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा बृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया।

जिले के थाना बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम करही में पुलिस सहायता केंद्र का शुक्रवार 5 जून को एसपी जांजगीर चांपा विजय कुमार पांडेय द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सकती जिले के एसपी प्रफुल्ल ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने विधिवत फीता काटकर सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। एसपी विजय पाण्डेय ने कहा कि यह केंद्र बिर्रा क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा। अब ग्रामीणों को छोटी-बड़ी घटना की सूचना देने या पुलिस मदद के लिए थाना तक नहीं जाना पड़ेगा। पुलिस सहायता केंद्र से अपराधों पर त्वरित कार्रवाई होगी और असामाजिक तत्वों में कानून का खौफ बढ़ेगा। पुलिस सहायता केंद्र में 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती रहेगी ताकि आमजन को तत्काल सहायता मिल सके। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया। शुभारंभ के बाद एसपी जांजगीर विजय कुमार पाण्डेय, सक्ती जिले के एसपी प्रफुल्ल ठाकुर एवं एएसपी उमेश कुमार कश्यप ने पुलिस सहायता केंद्र का निरीक्षण कर स्टाफ को जनता से संवेदनशील व्यवहार करने और हर शिकायत पर त्वरित एक्शन लेने के निर्देश दिए। लोकार्पण अवसर पर जांजगीर जिले के एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, संयुक्त कलेक्टर सक्ति अरुण सोम सहित बिर्रा सरपंच एवं करही सरपंच एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते एसपी विजय पांडेय।

## पीएम आवास निर्माण कार्य मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी, कलेक्टर से हुई शिकायत

**सक्ती।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत पोरथा में आवास निर्माण कार्य किया गया। इस कार्य में मजदूरों को राशि भुगतान पूरी तरह से नहीं किया गया है। मजदूरी भुगतान नहीं हो पाने की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से करते हुए इस पर रोजगार सहायक एवं सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सक्ती जनपद कार्यालय से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत पोरथा में प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान बनाए गए है। ग्राम पंचायत पोरथा के प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों द्वारा बताया गया जॉब कार्ड रहने एवं मजदूरी का कार्य मकान में करने के बाद भी कुछ दिन का मजदूरी उनके खाते में डालकर वापस ले ली गई है। प्रधानमंत्री आवास हितग्राही महिला भगवती यादव ने शपथ पत्र के साथ मेट पर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास बन रहा था जिसमें वह मजदूरी का कार्य रही थी। वहीं मेट द्वारा उसके खाते में मजदूरी का 20 हजार रूपए डाला गया। जैसे ही खाते में पैसा आया मेट ने दूसरे मजदूर का पैसा आने की बात कहर पैसे की मांग करने लगा। तब उसने एक्सिस बैंक जाकर खाते से 20 हजार रुपए निकाला । इसमें से मेट ने 13 हजार 5 सौ लेकर चला गया। जानकारी लेने पर पता चला कि वह पैसा मजदूरी भुगतान का ही था। इस संबंध में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने बताया प्रधानमंत्री आवास में मजदूरी भुगतान प्राप्त नहीं होने की शिकायत प्राप्त हुई है। शीघ्र ही जांच टीम गठित किया जाएगा। जांच उपरांत सही शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


जीवेत् शरदः शतम्...
महामण्डलेश्वर
प्रातः स्मरणीय पूज्यपाद परम श्रद्धेय
राजेश्री महंत
रामसुंदर दास जी महाराज
को उनके अवतरण दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज
सर्वराकार शिवरीनारायण एवं दूधाधारी मठ मंदिर न्यास
रामेश्वरदास त्यागी
शिवरीनारायण मठ मंदिर पुजारी
सुखरामदास
शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास मुख्तियार
श्रीमती रीना तिवारी
पूर्व पार्षद
पुणेन्द्र तिवारी
पुजारी शिवरीनारायण मंदिर
विरेन्द्र तिवारी
पुजारी शिवरीनारायण मंदिर
कमलेश सिंह(बाबा)
राघुवेन्द्र प्रताप सिंह
शिवरीनारायण मठ मंदिर ट्रस्टी
बृजेश केशरवानी
शिवरीनारायण मठ मंदिर ट्रस्टी
निर्मलदास वैष्णव
निरंजन अग्रवाल
देवालाल सोनी
जवाहर केशरवानी
हरप्रसाद साहू
हेमंत दुबे
शैलेन्द्र केशरवानी
हर्षवर्धन तिवारी
ओम साहू
रामचरण कर्ष
विमल सोनी
दिलेश्वर केशरवानी
प्रकाश दुबे
अभिषेक तिवारी
दामोदर श्रीवास
संजय कुम्भकार
टुकराम वर्मा
पुरन सोनी
विष्णु केशरवानी
जगदीश यादव
ज्ञानेश शर्मा
रवि यादव
गोलू केशरवानी
आर.के. कश्यप
उदय राम
कमलेश पटेल
गोपाल कैंवर्त
सोनू चौहान
तोरन कैंवर्त
अमित कैंवर्त
विमल सारथी
लक्ष्मण भट्ट